Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 25 अप्रैल 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 205

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लॉक डाउन के दौरान तेज बारिश की संभावना

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** कोरोना वायरस की वजह से पूरे देश में पूरे देश में लोग डाउन होने की वजह से जहां लोगों को आम जीवन जीने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं अब मौसम की मार लोगों को झेलनी पड़ेगी। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान देश के कई राज्यों में तेज बारिश हो सकती है, इस बेमौसम बारिश का सेहत एवं फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है, जिसकी वजह से किसान काफी परेशान हैं, अगले 24 घंटों के दौरान यह अनुमान है कि उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़,आंध्र प्रदेश, कर्नाटक ,जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर गरज के साथ तेज बारिश हो सकती है इसलिए इन जगहों पर अलर्ट जारी किया गया है।जबकि मध्यप्रदेश में के टीकमगढ़, सागर, सतना, पन्ना, दमोह, छतरपुर, रीवा, दतिया, ग्वालियर, विदिशा, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल में आज हल्की बारिश हो सकती है, जबकि अगले 24 घंटों के दौरान राजस्थान के चुरू, अलवर, जयपुर, भरतपुर और आसपास में आंधी के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।.

### मोदी ने सहयोग का किया वादा

**पीएम ने की ली सिएन लूंग से बातचीत**

**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सिएन लूंग के बीच 23 अप्रैल, 2020 को टेलीफोन पर बातचीत हुई। दोनों राजनेताओं ने कोविड-19 महामारी से उत्पन्न स्वास्थ्य और आर्थिक चुनौतियों पर अपने-अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके साथ ही दोनों राजनेताओं ने अपने-अपने देशों में महामारी और इसके आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों से निपटने के लिए अपनाए जा रहे उपायों पर एक-दूसरे को अपडेट किया। उन्होंने चिकित्सा उत्पादों सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने के लिए सिंगापुर को हरसंभव सहयोग देने का वादा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगापुर में भारतीय नागरिकों को दिए जा रहे व्यापक सहयोग के लिए भी सराहना की। दोनों राजनेताओं ने वर्तमान संदर्भ में भारत-सिंगापुर रणनीतिक साझेदारी के महत्व पर विशेष बल दिया। दोनों राजनेता कोविड-19 से उत्पन्न वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का समाधान करने के लिए आपसी सहयोग से काम करने पर सहमत हुए। उन्होंने वर्तमान संकट के दौरान सिंगापुर के लोगों के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

### सुप्रीम कोर्ट से अर्नब गोस्वामी को मिली तीन हफ्ते की अंतरिम राहत

**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में याचिकाकर्ता पत्रकार अरनब गोस्वामी को तीन सप्ताह की अंतरिम सुरक्षा और उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। वह तीन हफ्ते में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल कर सकते हैं। न्यायालय ने अरनब गोस्वामी के खिलाफ एक एफआईआर को छोड़कर सभी को निरस्त कर दिया है। यह एफआईआर नागपुर में दायर की गई थी और उसे अब मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने मुंबई के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वह अरनब गोस्वामी और रिपब्लिक टीवी को सुरक्षा प्रदान करें।

### रक्षा मंत्री ने की सशस्त्र बलों की तैयारियों की समीक्षा

**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों के शीर्ष कमांडरों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के विरोधियों को कोरोना वायरस महामारी से उत्पन्न मौजूदा स्थिति का फायदा उठाने का कोई मौका नहीं मिले। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक उच्च स्तरीय बैठक में सिंह ने सशस्त्र बलों की संचालन तैयारियों की समीक्षा की। सिंह ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों से कहा कि वे देश के सामने किसी भी संभावित बाहरी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए ÷पूरी तरह से सतर्क रहें। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सिंह को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ ही चीन से लगी सीमा से सटे इलाकों की स्थिति से अवगत कराया।

# कोरोना संकट से लोगों को मिला आत्मनिर्भर बनने का सबक: मोदी

**पीएम मोदी ने लॉन्च की स्वामित्व योजना**



**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** पंचायती राज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोरोना ने हम सभी के काम करने के तरीके को बहुत बदल दिया है। पहले हम किसी कार्यक्रम को आमने सामने रहकर करते थे। लेकिन आज वही कार्यक्रम वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से करना पड़ रहा है। आज इस कार्यक्रम में जुड़े सभी लोगों का मैं स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने हमारे लिए अनेक मुसीबतें पैदा की हैं, जिनकी हमने कभी कल्पना तक नहीं की थी। लेकिन इससे भी बड़ी बात ये है कि इस महामारी ने हमें नई शिक्षा और संदेश भी दिया है।

**बनना पड़ेगा आत्मनिर्भर**

पीएम मोदी ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों तक एक संदेश देना चाहता हूं। कोरोना संकट ने सबसे बड़ा सबक हमें जो सिखाया है कि अब हमें आत्मनिर्भर बनना ही पड़ेगा। बिना आत्मनिर्भर बने ऐसे संकटों से निपटना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि गांव अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर बने, जिला अपने स्तर पर, राज्य अपने स्तर पर, और इसी तरह पूरा देश कैसे आत्मनिर्भर बने, अब ये बहुत आवश्यक हो गया है। गांव-गांव तक पहुंच रहे स्मार्टफोनउन्होंने कहा कि 5-6 साल पहले एक दौर वो भी था जब देश की सौ से भी कम पंचायतें ब्रॉडबैंड से जुड़ी थीं। अब सवा लाख से ज्यादा पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुंच चुका है। इतना ही नहीं, गांवों में कॉमन सर्विस सेंटरों की संख्या भी तीन लाख को पार कर रही है। सरकार ने भारत में ही मोबाइल बनाने का जो अभियान चलाया है, उसी का परिणाम है कि आज गांव-गांव तक कम दामों वाले स्मार्टफोन पहुंच चुके हैं। ये आज जो इतने बड़े स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस हो रही हैं, ये सब इसी के कारण संभव हो पाया है।


**स्वामित्व योजना लॉन्च**

प्रधानमंत्री ने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल और ऐप की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि गांव के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए आज सरकार द्वारा दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरु किया गए हैं। एक है ई-ग्राम स्वराज पोर्टल और दूसरा ऐप। उन्होंने कहा कि आज लॉन्च हुए ऐप के जरिए ग्राम पंचायतों के फंड और उसके कामकाज की पूरी जानकारी होगी। इसके माध्यम से पारदर्शिता भी आएगी और परियोजनाओं के काम में भी तेजी आएगी। पीएम मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को एक नहीं अनेक लाभ होंगे। इससे संपत्ति को लेकर भ्रम और झगड़े खत्म होंगे। इससे गांव में विकास योजनाओं की प्लानिंग में मदद मिलेगी। इससे शहरों की तरह गांवों में भी आप बैंकों से लॉन ले सकेंगे।

**दो गज दूरी का मंत्र**

पंचायत संरपचों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी ने दुनिया को बहुत सरल शब्दों में मंत्र दिया है- 'दो गज दूरी' का। इस मंत्र के पालन पर गांवों में बहुत ध्यान दिया जा रहा है। ये आपके ही प्रयास हैं कि आज दुनिया में चर्चा हो रही है कि कोरोना को भारत ने किस तरह जवाब दिया है।

## विरोधी मीडिया ने दी थी किम जोंग उन के संबंध में गलत रिपोर्ट:ट्रंप



**वाशिंगटन,(आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन खबरों को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा जा रहा है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन बीमार हैं। ट्रंप ने इसके लिए एक बार फिर सीएनएन की आलोचना की है। बता दें कि सीएनएन के साथ ट्रंप का रिश्ता बेहद तीखा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने कोविड-19 के डेली ब्रीफिंग के दौरान सीएनएएन की आलोचना करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह रिपोर्ट गलत है। मैं सुन रहा हूं कि इस न्यूज के लिए उन्होंने (टीवी चैनल) पुराने दस्तावेज का इस्तेमाल किया है। हालांकि, उन्होंने यह कहने से साफ तौर पर इनकार कर दिया कि उनको स्पष्ट जानकारी है कि नॉर्थ कोरिया के तानाशाह पूरी तरह से ठीक हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के साथ-साथ किम जोंग से भी मेरे अच्छे संबंध हैं। मुझे उम्मीद है कि वह ठीक हैं। बता दें कि इससे एक दिन पहले किम जोंग की तबीयत खराब होने की खबर पर ट्रंप ने उनके ठीक होने की कामना की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग से तीन बार मुलाकात कर चुके हैं।

ट्रंप ने कहा, ये ऐसी रिपोर्टें हैं जो सामने आई (उनकी बीमारी के बारे में)। हम नहीं जानते। हम नहीं जानते। हालांकि, मेरे उनके साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। मैं केवल यह कह सकता हूं कि मैं उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। अगर वह इस तरह के हालत में हैं, जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया है तो यह बहुत गंभीर हालत है। दरअसल, सीएनएन ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से खबर दी थी कि सर्जरी के बाद किम जोंग उन की हालत नाजुक है और वह गंभीर खतरे से जूझ रहे हैं।

## 30 मई तक घरों में ही रहेंगे इलिनोइस के लोग : गवर्नर

**शिकागो,(आरएनएस)।** अमेरिकी राज्य इलिनोइस के लोग 30 मई तक अपने घरों में ही रहेंगे। इलिनोइस के गवर्नर जे.बी. प्रित्जकर ने इस बात की घोषणा करते हुए कहा कि वे 30 मई तक के लिए स्टे एट होम के आदेश को बढ़ाने जा रहे हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि 21 मार्च को लागू किया गया मूल आदेश अप्रैल के अंत में समाप्त होने वाला है, नया आदेश 1 मई से प्रभावी होगा। नए आदेश के अनुसार, सर्जरी केंद्र और अस्पताल देरी वाली सर्जरी को शेड्यूल करना शुरू कर सकेंगे। वर्तमान में आवश्यक व्यवसायों की सूची से नदारद रहने वाले खुदरा स्टोर अब ऑनलाइन और फोन पर ऑर्डर ले सकते हैं और पिकअप व डिलीवरी की पेशकश कर सकते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर जहां छह फुट की सोशल डिस्टेंसिंग संभव नहीं हैं, वहां मास्क लगाने व चेहरे को ढकने में सक्षम दो वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को ऐसा आवश्यक रूप से करना होगा।



नए आदेशानुसार, नेचुरल रिसोर्स फॉर एक्टिविटी के डिपार्टमेंट के मार्गदर्शन में इलिनोइस के पार्कों में लंबी पैदल यात्रा, मछली पकड़ना और दो से अधिक लोगों के साथ नौका विहार करने जैसे गतिविधियां की जा सकेंगी।

गौरतलब है कि इलिनोइस में गुरुवार को 1,826 नए मामले देखने को मिले। पब्लिक हेल्थ अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि इसके बाद से राज्य में कोविड-19 से संक्रमित हुए कुल लोगों की संख्या बढ़कर 36,934 हो गई। वहीं, 123 अन्य मौतों के साथ ही महामारी से मरने वालों का आंकड़ा

## लाइफलाइन उड़ानें अबतक 3,43,635 किमी की दूरी की तय:पुरी

### लॉकडाउन के बीच सार्थक प्रयास



**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने कोविड-19 के दौरान लोगों को देशभर में लाइफलाइन उड़ानों के जरिए जीवन रक्षक चिकित्सा सामग्रियों तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने के सराहनीय प्रयासों के लिए विमानन क्षेत्र के पेशेवरों और हितधारकों की प्रशंसा की है। आज एक ट्वीट में, पुरी ने कहा कि लाइफलाइन उड़ानें अबतक 3,43,635 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी हैं। लाइफ लाइन उड़ानों के तहत एयर इंडिया, अलायंस एयर, भारतीय वायुसेना और निजी मालवाहक विमानों की 347 उड़ानें संचालित की गई हैं। इनमें से 206 उड़ानें एयर इंडिया और एलायंस एयर द्वारा संचालित की गई हैं। अब तक इनके जरिए 591.66 टन माल का परिवहन किया जा चुका है।

विस्तारा ने 19-23 अप्रैल 2020 के बीच 8,989 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए लगभग 20 टन माल ले जाने के लिए 7 मालवाहक उड़ानों का संचालन किया। स्पाइसजेट ने 24 मार्च से 23 अप्रैल 2020 के बीच 7,94,846 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 3993 टन माल ले जाने के लिए 522 मालवाहक उड़ानें संचालित कीं इनमें से 178 अंतर्राष्ट्रीय मालवाहक उड़ानें थीं। 25 मार्च से 23 अप्रैल 2020 के दौरान ब्लू डार्ट ने 184 मालपरिवहन उड़ानों को संचालित किया जिन्होंने 1,87,155 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 2957 टन माल का परिवहन किया। इनमें से 6 अंतर्राष्ट्रीय मालवाहक उड़ानें थीं। इंडिगो ने 3-23 अप्रैल, 2020 के बीच 37 ऐसी उड़ानों का संचालन किया है,जिन्होंने 48,344 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 101 टन माल का परिवहन किया। इनमें से 8 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें थीं। इनमें सरकार के लिए चिकित्सा सामग्रियां निशुल्क ले जाई गई। घरेलू मालवाहक विमान ऑपरेटर वाणिज्यिक आधार पर उपनी उड़ानें संचालित कर रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में, एयर इंडिया द्वारा हांगकांग और गुआंगझू से 23 अप्रैल 2020 को 61 टन चिकित्सा सामग्रियां लाई गई। इसके अलावा, ब्लू डार्ट ने 14 अप्रैल से 23 अप्रैल 2020 तक गुआंगझू से लगभग 86 टन चिकित्सा सामग्रियों की ढुलाई की।

00

## कोरोना संकट में सेवा के लिए तत्पर रहे डाक विभाग

### धोत्रे ने डाक विभाग को किया प्रोत्साहित

**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** संचारएवं मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने वीडियो कांफ्रेंसके जरिये कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान डाक विभाग द्वारा की गई अभिनव पहलोंकी समीक्षा की। मंत्री ने आरंभ किए गए विभिन्न उपायों पर संतोष व्यक्त कियाऔर सोशल डिस्टैंसिंग के सभी नियमों का अनुपालन करते हुए राष्ट्र की सेवामें खुद से अधिकतम रूप से प्रयास करने के लिए डाक विभाग को प्रोत्साहितकिया।

संजय धोत्रे ने यह भी कहा कि सरकार के कई विभागों को भी डाकविभाग की मजबूत प्रदायगी प्रणाली की आवश्यकता हो सकती है और अंतरविभागीयसमन्वयन डाक विभाग को नए अवसरों की पेशकश कर सकता है। मंत्री ने जोर देकरकहा कि एईपीएस को डाक विभाग द्वारा व्यापक रूप से लोकप्रिय बनाया जानाचाहिए और डाक प्रभांगों के डिवीजनल प्रमुखों को नकदी की ग्राहकों के द्वारपर प्रदायगी के लिए जिला कलेक्टरों एवं राज्य प्रशासनो के साथ समन्वय करनाचाहिए।

मंत्री को जानकारी दी गई कि नियंत्रण जोन को छोड़ कर पूरे देशमें अधिकतर डाक कार्यालय कार्यशील हैं और सेवाओं की प्रदायगी कर रहे हैं।दवाओं, कोविड-19 टेस्ट किटों, मास्क, सैनिटाइजर, पीपीई एवं वेंटिलेटरों औरडेफिब्रिलेटर्स सहित चिकित्सा उपकरणों सहित अनिवार्य वस्तुओं की प्रदायगीको प्राथमिकता दी जा रही है।

मंत्री को सूचित किया गया कि 20 अप्रैल, 2020 तक लॉकडाउन की अवधि के दौरान 2100 करोड़ रुपये के बराबर के 84 लाखआईपीपीबी सौदों सहित 28000 करोड़ रुपये के मूल्य के लगभग 1.8 करोड़ डाककार्यालय बचत बैंक लेनदेन किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, 135 करोड़ रुपयेके बराबर के 4.3 लाख एटीएम लेनदेन देश भर में किए जा चुके हैं।इंडियापोस्ट पेमेंट बैंक की आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) दरवाजे तक किसीभी अनुसूचित बैंक में पड़े खातों से धन की निकासी में सक्षम बनाती है। इसअवधि के दौरान 300 करोड़ रुपये के मूल्य के 15 लाख एईपीएस लेनदेन किए गएहैं। लॉकडाउन अवधि के दौरान 480 करोड़ रुपये के लगभग 52 लाख प्रत्यक्ष लाभहस्तांतरण भुगतान किए गए हैं। आधार सक्षम भुगतान प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रोंमें रहने वाले लोगों के अतिरिक्त बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और पेंशनधारकोंके लिए काफी मददगार साबित हो रही है।

### इतालवी पोत में 43 और लोग कोरोना से संक्रमित

**तोक्यो,।** जापान के बंदरगाह शहर नागासाकी के तट पर खड़े इतालवी क्रूज पोत में सवार 43 और लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। इसके साथ ही पोत पर संक्रमित लोगों की संख्या 91 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कोस्टा अटलांटिका पोत पर सवार लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की बात सबसे पहले मंगलवार को सामने आयी जब नागासाकी के अधिकारियों और पोत का रखरखाव करने वाली कंपनी मित्सुबिशी के कर्मचारियों ने बताया कि चालक दल का एक सदस्य बुखार और खांसी से पीड़ित है।पोत में कोई यात्री नहीं है ।

## कोरोना के दौरान तपेदिक मरीजों की देखभाल में कोई बाधा न आए

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को दिये निर्देश



**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने को पत्र लिखा है कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत सभी सुविधाएं सार्वजनिक हित में कार्यशील रहें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि तपेदिक रोगियों की नैदानिकी और उपचार कोविड-19 महामारी की स्थिति के बावजूद बिना किसी बाधा के जारी रहे।

व्यापक निर्देशों में सभी तपेदिक रोगियों को, चाहे उनका नया डायग्नोज किया गया है या वर्तमान में उपचार चल रहा है, एकमुश्त एक महीने की दवा उपलब्ध कराना शामिल है। इसमें दवा प्रतिरोधी तपेदिक मरीजों सहित सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्र के ही तपेदिक मरीज शामिल हैं।

## अमेरिका वैक्सीन बनाने के बेहद नजदीक



**वाशिंगटन, (आरएनएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका कोविड-19 संक्रमण की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब है। मीडिया ने इस बात की जानकारी दी। अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन और चीन में होने वाले वैक्सीन टेस्ट्स पर ध्यान देने के बाद व्हाइट हाउस में डेली ब्रीफिंग के दौरान ट्रंप ने कहा, हम वैक्सीन के बेहद करीब हैं। हमारे पास इस पर काम करने वाले बेहद कमाल के, शानदार दिमाग वाले लोग हैं।

उन्होंने आगे कहा, दुर्भाग्य से हम टेस्टिंग के बहुत करीब नहीं हैं क्योंकि जब परीक्षण शुरू होता है तो इसमें कुछ समय लगता है, लेकिन हम इसे पूरा कर लेंगे।बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वाइस-प्रेसिडेंट माइक पेंस और व्हाइट हाउस कोरोनावायरस टास्कफोर्स के को-ऑर्डिनेटर डेबोराह बीरक्स भी उनके साथ मौजूद थे।अमेरिकी सरकार के शीर्ष टॉप इन्फेक्शन डिजीज एक्सपर्ट डॉ. एंथोनी फौसी ने पहले कहा था कि व्यापक रूप से इस्तेमाल के लिए एक वैक्सीन को तैयार होने में 12 से 18 महीने लगेंगे।इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप और वाइस प्रेसिडेंट माइक पेंस ने कहा कि कोरोनावायरस के खिलाफ अमेरिकी लड़ाई में डेटा के माध्यम से प्रगति के संकेत मिले हैं।पेंस ने कहा, न्यूयॉर्क मेट्रो एरिया, न्यूजर्सी, कनेक्टिकट, डेट्रायट और न्यू ऑरलियन्स सहित प्रमुख वायरस हॉटस्पॉट में भी महामारी की चरम सीमा पार होती दिखाई दे रही है।

## सैनिटाइजर टनल में एक व्यक्ति को संक्रमण मुक्त करने में लगते हैं आठ सेंकेंड

**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए अग्रिम पंक्ति में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों, डॉक्टरों, पुलिस और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को संक्रमण से बचाने के लिए कुछ स्थानों पर मिस्ट सैनिटाइजर टनल का उपयोग हो रहा है। लेकिन, इस टनल में छिड़काव के लिए उपयोग होने वाले रसायन सोडियम हाइपोक्लोराइट के दुष्प्रभावों का हवाला देते हुए कई एजेंसियों ने इसके खिलाफ दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हालाँकि, अब वैज्ञानिक परीक्षण के बाद मिस्ट सैनिटाइजर टनल के उपयोग को सुरक्षित बताया जा रहा है। काउंसिल ऑफ साइंटिफिक ऐंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) की पुणे स्थित प्रयोगशाला नेशनल केमिकल लैबोरेटरी (एनसीएल) के एक ताजा अध्ययन के बाद इस संस्थान के वैज्ञानिकों ने यह बात कही है।संक्रमण हटाने के लिए मिस्ट सैनिटाइजर टनल में कोहरे की फुहार जैसी सूक्ष्म बूंदों के रूप में रसायनों की एक निश्चित मात्रा का छिड़काव किया जाता है। इस टनल के भीतर से होकर गुजरने पर सोडियम हाइपोक्लोराइट की निर्धारित मात्रा का उपयोग संक्रमण हटाने के लिए किया जाता है। सीएसआईआर-एनसीएल के वैज्ञानिकों ने सोडियम हाइपोक्लोराइट की विभिन्न सांद्रताओं का मूल्यांकन करने पर मिस्ट सैनिटाइजर टनल में इसके उपयोग को सुरक्षित पाया है।

सोडियम हाइपोक्लोराइट के प्रभाव, जिसे हाइपो या ब्लीच के रूप में भी जाना जाता है, का 0.02 से 0.5 प्रतिशत वजन की सांद्रता के साथ मिस्ट सैनिटाइजर टनल इकाई के भीतर से होकर गुजरने वाले कर्मियों पर अध्ययन किया गया है। इसके अलावा, मिस्ट सैनिटाइजर के टनल के संपर्क में आने से पहले और बाद में सूक्ष्मजीवों के खिलाफ जीवाणुरोधी गतिविधि का आकलन किया गया हैइस अध्ययन से पता चला है कि 0.02 से 0.05 प्रतिसत वजन की सांद्रता त्वचा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना रोगाणुओं को नष्ट कर सकती है। इसी आधार पर, वैज्ञानिक मिस्ट सैनिटाइजर में 0.02 से 0.05 प्रतिशत वजन की सांद्रता में हाइपोक्लोराइट का उपयोग करने की सलाह दे रहे हैंसंक्रमण के संपर्क की अलग-अलग प्रकृति के अनुसार वैज्ञानिकों ने हाइपोक्लोराइट की विभिन्न सांद्रताओं की सिफारिश की है। हाइपोक्लोराइट की 0.5 प्रतिशत सांद्रता के मिश्रण के छिड़काव की सिफारिश उन लोगों पर करने के लिए की गई है,